## खबर संक्षेप

### 124 शिकायतों का मौके पर ही किया गया त्वरित निराकरण

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये । इन शिविरों में 124 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 124 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 56, बिल संबंधी 28, बंद/खराब मीटर संबंधी 18, नवीन कनेक्शन संबंधी 17 और 05 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 124 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 124 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संबंधी 56, बिल संबंधी 28, बंद/खराब मीटर संबंधी 18, नवीन कनेक्शन संबंधी 17 और अन्य श्रेणी की 05 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया ।

### अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय छिन्दवाड़ा, प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा एवं प्रबंधक म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन छिंदवाड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा में 19 फरवरी 2025 बुधवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया गया है । रोजगार मेले में 20 कंपनियां उपस्थित रहेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, समग्र आई.डी. (अनिवार्य) एवं संपूर्ण डॉक्यूमेंट/रिज्यूम के साथ निर्धारित तिथि व समय पर संस्था में उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ ले सकते है।

### अपात्र उठा रहे फायदा, सबंधित अधिकारी का नहीं है इस ओर ध्यान

# पेंशनधारियों को समय पर नहीं मिल रही पेंशन, भटक रहे पात्र व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमुआ




सरकार शासन के द्वारा वृद्ध गरीब निर्धन विकलांग, अपंग विधवा बुर्जुग आदि सभी जनो को विभिन्न प्रकार की पेंशन देती है। और पेंशन के केस प्रकरण के मामले नगर निकाय के माध्यम से बनकर तैयार होकर जिला स्तर के संबंधित अधिकारी जिला कलेक्टर साहब के माध्यम से पेशन अपडेट भी किया जाता है। तब लोगो को आसानी से पेंशन मिल पाती है। नगर पालिका दमुआ के जरिये जिन पेंशन धारियों को पेंशन का भुगतान किया जाता है उन पेंशन धारियों को समय पर पेंशन का भुगतान नही किया जाता है। पेंशन धारी पेंशन के लिये परेशान हो जाते है और हर महिने बार बार नगर पालिका दमुआ और बैको के चक्कर काटते है फिर भी उन्हे समय पर पेंशन नही मिलती है। संबधित अधिकारण यह कहकर टाला मटोली कर देते है कि आप की पेंशन नही आई है बाद में आना इस तरह वृद्ध बुर्जगजन विकलांक अपंग, विधवानारी , पुरूष आदि समस्त पेंशन धारियो को परेशान किया जाता है और उन्हे समय पर पेंशन नही दिया जाता है जबकि वर्तमान समय में ऐसे भी लोग है जिनकी वार्षिक आय ज्यादा नही है और सब्जी भाजी बेचकर परिवार चला रहे है और कुछ ऐसे भी लोग है जो कि चाय बेच रहे वृद्ध उन्हे तक पेशन नही मिल रही है जबकि पात्र व्यक्ति पेशन पाने के लिए यहां वहां भटक रहे है। फिर भी पेंशन नही मिल पा रही है।

### पांढुर्णा के युवाओं को मिलेगा रोजगार

## जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिन्दवाडा

पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय छिन्दवाड़ा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पांढुर्णा, म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत छिंदवाड़ा एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पांढुर्णा के द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पांढुर्णा, वरूड रोड जिला पांढुर्णा में 19 फरवरी 2025 बुधवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया गया है । रोजगार मेले में 12 कंपनियां उपस्थित रहेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, समग्र आई.डी. (अनिवार्य) एवं संपूर्ण डॉक्यूमेंट/रिज्यूम के साथ निर्धारित तिथि व समय पर संस्था में उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ ले सकते हैं।जिला रोजगार अधिकारी छिंदवाडा ने बताया कि रोजगार मेले में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक सौंसर/पांढुर्णा द्वारा (टीसीओ) ट्रेनी क्रेडिट ऑफिसर पद के लिये योग्यता 12वीं पास के लिये वेतनमान 14000 रूपये तथा अभ्यर्थी की आयु 18 से 28 वर्ष, सतीजा मोटर्स प्रायवेट लिमिटेड छिंदवाड़ा द्वारा ब्रांच मैनेजर/सेल्स एक्जीकेटिव पद के लिये योग्यता 12वीं/स्नातक व आईटीआई पास के लिये वेतनमान 9500 रूपये तथा अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) सौंसर/पांढुर्णा द्वारा केवल महिलाओं के लिये बीमा सखी पद के लिये योग्यता 10वीं/12वीं पास के लिये वेतनमान 5000 से 7000 रूपये तथा अभ्यर्थी की आयु 18 से 70 वर्ष, अनमोल एच.आर. सेलुसन प्रायवेट लिमिटेड पुणे द्वारा प्रोडक्शन पद के लिये योग्यता 12वीं, आईटीआई सभी ट्रेड डिप्लोमा के लिये वेतनमान 22000 रूपये दिया जाएगा।

## सेवानिवृत्ति उपरांत शासकीय सेवकों को दफ्तरों के चक्कर लगाए बिना मिले सभी स्वत्वों के लाभ- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा



कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि कार्यालय प्रमुख और डीडीओ की उदासीनता एवं स्थापना शाखा प्रभारी कर्मचारी की लापरवाही के कारण सेवानिवृत्ति के उपरांत शासकीय सेवकों को पेंशन और अन्य स्वत्वों के भुगतान के लिए दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं।

अब यह असंवेदनशीलता और लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी डीडीओ लंबित सभी पेंशन प्रकरण आगामी एक सप्ताह के अंदर जिला पेंशन कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। आगामी 6 माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के प्रकरण भी अभी से तैयार करा लें और चेक लिस्ट के अनुसार जहां कहीं कमी है, उसे अभी ही दूर करा लें। कलेक्टर श्री सिंह आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभाग प्रमुखों और आहरण संवितरण अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों की गहन समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे और जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती हीरावती उईके भी उपस्थित थीं।

शिक्षा, जनजातीय कार्य विभाग और स्वास्थ्य विभाग में सर्वाधिक लंबित पेंशन प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर को स्वास्थ्य विभाग के और डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल पटेल और सुश्री राजनंदिनी सिंह को शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग के लंबित पेंशन प्रकरणों की जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए हैं। ये अधिकारी पेंशन प्रकरणों में कितनी तरह की आपत्तियां और कितने बार लगाई जा रही, इसकी जांच करेंगे। यह भी देखेंगे कि स्थापना शाखा प्रभारी जानबूझकर पेंशन प्रकरण तैयार करने में लापरवाही तो नहीं कर रहे हैं।

## तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन में आयोजित की गई विविध प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमुआ



शासकीय महाविद्यालय,दमुआ में वार्षिक स्नेह के द्वितीय दिवस विभिन्न प्रतियोगिताएं क्रमशः निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद, भाषण, प्रश्न मंच, पाक कला, पोस्टर निर्माण, मेंहदी, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।शासकीय महाविद्यालय दमुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन प्रभारी प्रभारी राजकुमार कुशवाह एवं महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ राजेश कुमार लोखंडे डॉ उषा तिवारी डॉ सरिता पाल, सुषमा टांडेकर डॉ दिलीप ढोबाले डॉ विमल कुमार कौशले जितेन्द्र दिवाकर घनश्याम मालवीय, दिनेश इबनाती, वैभव पाटिल, कंचन चंद्रवंशी, महेश भारती, मोरेश्वर कराड़े, संदीप चंदेल, रामराज टांडेकर,ढोंढू टेकाम, सुकमन भारती उक्त कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

### महाकुम्भ प्रयागराज यात्रा पर निकला दमुआ से भक्तों का एक जत्था

**दमुआ।** 144 वर्षो के बाद लगने वाला महाकुम्भ प्रयागराज मेला की यात्रा कई भक्तजन कर रहे है महाकुम्भ प्रयागराज मेला की यात्रा ऐसे भक्तजन करते है जिन्हे सौभाग्य से अवसर मौका मिलता है। ऐसा ही भक्तो का एक जत्था दमुआ से 6 भक्तो का एक महाकुम्भ प्रयागराज यात्रा पर दिनांक 17 फरवरी दिन सोमवार को दमुआ से निकला है जिसमें सर्वश्री रविशंकर साहू दमुआ, समाजसेवी, सहपरिवार पत्नि सहित रमेश भावरकर जो मां खेडापति माता मंदिर दमुआ के पुजारी और श्री रमेश पवार कपडा व्यापारी दमुआ नं. 12 एवं श्री कृष्णा भालेराव जी डब्लू.सी.एल. सेवानिृवत्त क्लर्क और जुन्नारदेव से एक भी भी शामिल है जो कि महाकुम्भर मेला प्रयागराज की शुभयात्रा पर गये है जबकि महाकुम्भ यात्रा में निकलने का मकसद यह है कि 144 वर्षो के बाद जो महाकुम्भ मेला आया है इसी खुशी पर महाकुम्भ प्रयागराज मेला पहुंचकर देव दर्शन कर स्थान कर के पूजन पाठ कर भगवान से प्रार्थना कर दमुआ क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जावेगी ताकि दमुआ शहर उजडने से बचे।

### पांढुर्णा में धूम से मनेगा शिव जन्मोत्सव, 450 मरीजों का नेत्र परीक्षण



**पांढुर्णा।** आज यहां लक्ष्मीस्मृति भवन में विशाल नेत्रशिविर आयोजित कर श्री छत्रपति शिवाजी महाराज मित्र मंडल जिला पांढुर्णा ने शिव जन्मोत्सव की शुरूआत कर दी है। कल शाम 5 बजे इस मित्र मंडल के तत्वाधान में सावरगांव स्थित भवानी माता मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो गोटमार पुलिया, गुजरी बाजार, श्री राम मार्केट होते हुए जयस्तंभ पहुंचेगी। इसके बाद गुरूवार की रात्रि में मां कामाक्षी म्युजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज लक्ष्मीस्मृति भवन में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज मित्र मंडल के सौजन्य से रखे गए नेत्र शिविर में 450 से अधिक मरीजों के नेत्रों का परीक्षण किया गया। इसमें से 200 मरीजों को चष्मे प्रदान किए गए और 94 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सलाह दी गई। एक दो दिन में सारक्षी नेत्रालय नागपुर द्वारा मोतियाबिंद के मरीजों को नागपुर ले जाकर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क ऑपरेशन का प्रबंध किया जाएगा।

## गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सुरक्षित मातृत्व अभियान की फॉलोअप समीक्षा के लिए जिले के सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 14 फरवरी 2025 को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में सुरक्षित मातृत्व अभियान को प्रभावी बनाने और जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा डॉ.एन.के.शास्त्री सहित अन्य विभागीय अधिकारी और जिले के सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

**गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान-** कलेक्टर श्री सिंह ने फर्स्ट एएनसी (प्रथम प्रसव पूर्व जांच) और फोर्थ एएनसी (चौथी प्रसव पूर्व जांच) की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं की समय पर और गुणवत्ता पूर्ण जांच सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी गर्भवती महिला की मृत्यु न हो।

## कलेक्टर ने सुनी 108 आवेदकों की समस्यायें

### जनसुनवाई में प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा



राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 108 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली के खम्बे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम पिपरिया की श्रीमती अंजू यादव ने संबल योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम बामला के श्री अर्जुन भास्कर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बेलगांव के श्री कमलेश बरखे ने संबल कार्ड बनाने, ग्राम लेंदागोंदी की श्रीमती ज्ञानवती व ग्राम खूटपिपरिया की श्रीमती शोभा डेहरिया ने लाड़ली बहना योजना की राशि दिलाने, ग्राम कुदवारी की श्रीमती रामवती उईके ने लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, ग्राम जाटाछापर के श्री हेमीराम राय ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कुण्डालीकलां के ग्रामवासियों ने विद्युत प्रदाय करने आदि प्रकरण आए।

## पेंचवेली कॉलेज गैदरिंग में विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन



हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन लाने का काम जारी है ।अब शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी जाती है।जिससे विद्यार्थी का संपूर्ण विकास हो सके और रोजगार के साधन भी बन सके ।कहा बेसिक शिक्षा में तकनीकी शिक्षा को शामिल करने से रोजगार के साधन बढ रहे है। उक्त उद्गार परासिया के पेंचवेली कॉलेज में गैदरिंग के दूसरे दिन सांसद बंटी विवेक साहू ने छात्रों का उत्साह वर्धन करने हुये व्यक्त किये।

गौरतलब है कि कॉलेज के इतिहास में पहली बार स्नेह सम्मेलन में सांसद शामिल हुए है। इसको लेकर विद्यार्थियों में उत्साह था। स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि गैदरिंग में विद्यार्थी रिफ्रेश हो जाते हैं।अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को मंच पर भी लाते हैं। उन्होंने कहा बीते 6 साल से गैदरिंग बंद थी ।जन भागीदारी अध्यक्ष प्रदीप राजपूत के नेतृत्व में फिर से गैदरिंग शुरू हुई है।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर सुने प्रवचन



**छिन्दवाड़ा।** जिले के सांसद बंटी विवेक बंटी चांदामेटा के उमरिया लाईन वार्ड क्रमांक नौ में आयोजित पंच कुंडीय महायज्ञ में पहुंचे। वार्ड के नागरिकों द्वारा इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को सांसद श्री साहू यज्ञ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने यज्ञशाला की परिक्रमा की और लोगों के साथ बैठकर प्रवचन भी सुने व जन कल्याण के लिए प्रार्थना की । यज्ञ भगवान के दर्शन कर उन्होंने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर परासिया नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवीय, परमजीत सिंह विज, हरिश्चंद्र अग्रवाल, मुकेश मौर्य, वार्ड के पार्षद, नागरिक गण, यज्ञ समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 24 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी यूनिट के अलंकरण समारोह में शामिल हुये सांसद

## छिंदवाड़ा का गौरव है 24 एनसीसी बटालियन: बंटी विवेक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा संभाग के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि 24 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी यूनिट ने समस्त मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में मौजूद 62 एनसीसी यूनिट की अंतर इकाई वार्षिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया। छिंदवाड़ा के लिए यह गौरव का ऐतिहासिक पल है।उक्त उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने 24 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी के अलंकरण समारोह के दौरान व्यक्त किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू का सत्कार पारंपरिक एनसीसी गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया।तत्पश्चात सांसद श्री साहू ने उत्तम प्रशासनिक कार्य एवं योगदान के लिए 24 मध्य प्रदेश बटालियन के एनसीसी ऑफिसर, प्रशिक्षक , ऑफिस कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेट को मेडल व प्रशस्ति पत्र दे कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी के अधिकारियों,कर्मचारी और कैडेटस को संबोधित करते हुए सांसद सांसद श्री साहू ने उनके निरंतर कर्मठ कार्य शैली और मेहनत की सराहना की एवं समस्त मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में आयोजित अंतर इकाई वार्षिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। 24 मध्य प्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के कुशल निर्देशन के लिए सांसद ने उनकी पीठ थप थपाई । 24 मध्य प्रदेश बटालियन की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए सांसद ने खास तौर पर वृक्षारोपण और अग्नि वीर, भर्ती मेला जैसे बड़े आयोजनों की तारीफ की और उसने प्रांततिय जीवन में और युवाओं के रोजगार अवसरों को बढ़ाने में योगदान की चर्चा की।अंत में सांसद ने 24 मध्य प्रदेश बटालियन का निरीक्षण किया और सभी सदस्यों को उनकी उपलब्धियां के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर विक्रम अहके,कमांडिंग ऑफिसर थॉमस ओमेन , सूबेदार मेजर सतीश तपसे, सूबेदार डीएस चौहान, नायब सूबेदार प्रवीण कुमार, एनसीसी ऑफिसर मेजर सिंपल पाटिल, लेफ्टिनेंट शेखर ब्रह्ममें, लेफ्टिनेंट माइक प्रकाश, लेफ्टिनेंट आबिद, फर्स्ट ऑफिसर रामलाल डेहरीया, सेकंड ऑफिसर नीतू पवार, थर्ड ऑफिसर मुकेश कुरमेती एवं पी स्टाफ तथा सीसी बटालियन का स्टाफ उपस्थित था।

### 51 साल बाद उसी स्कूल में मिलकर बीती यादें स्मरण कर आज बूढे हो चुके उन स्टूडेंट्स की आंखें नम हो गई

# आरडी स्कूल में हुआ 51 साल पुरानी बैच का मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज पांढुर्णा

नगर की पुरानी आर.डी.एच.एस. शाला में गत दिवस 1973 की मैट्रिक स्टुडेंट्स की बैच का मिलन समारोह हुआ। 51 साल बाद उसी स्कूल में मिलकर बीती यादें स्मरण कर आज बूढे हो चुके उन स्टुडेंट्स की आंखें नम हो गई। इस मिलन समारोह में शोभा जोशी, संध्या वानखडे, मदनमोहन जोशी पूना से, जया देशपांडे नागपुर से तथा मदन दुबे भोपाल से आए थे। इनके अलावा गोविंद बेहुने, चंद्रप्रकाश जायसवाल, राजेंद्र नाहर, भगवानदास बतरा, रतन बतरा, रमेश तनवानी, नरेंद्र जायसवाल, भवानीप्रसाद रावल, ओमप्रकाश गुप्त, श्याम सतीजा, कन्हैया आरके तथा शाहीन खान पांढुर्ना से मौजूद रहे। 51 साल पुराने छात्र छात्राओं ने शाला में अपनी पुरानी कक्षा में सरस्वती वंदना एवं शालेय प्रार्थना का गान किया। इसके बाद शाला के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण कर पुरानी यादें ताजा की। इन लोगों ने प्राथमिक शाला में इस बैच को पढाने वाले शिक्षक नत्थुजी बोकडे, तत्कालीन एनसीसी शिक्षक बाबुराव कावले तथा शिक्षक दिनकरराव मूलक के घर जाकर उनका शाला एवं श्रीफल प्रदान कर सत्कार करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इनमें से जया देशपांडे के पिता पांढुर्ना में स्टेशन मास्टर थे और रेलवे के क्वार्टर में इनका निवास था। तब जया के सहपाठी इस क्वार्टर में जाया करते थे। इस बार जया देशपांडे अपने सहपाठियों के साथ 51 साल पुराने जर्जर हो चुके क्वार्टर में गई और पुरानी यादे ताजा करते हुए तस्वीरें खींची। इन सभी सहपाठियों ने बडचिचोली के रेस्ट हाउस में अपना काफी समय बीताते हुए एक दूसरे के परिवार के बारे में जानकारी एकत्र की।

## अब परासिया में ही हो सकेगा मिट्टी परीक्षण

परासिया :- कृषि विभाग और परासाय विधानसभा से जुड़े किसानों को अब मिट्टी परीक्षण के लिए छिंदवाड़ा नहीं जाना पड़ेगा वे अब परासिया में ही विभक्ति परीक्षण कर सकेंगे। परासिया के वार्ड क्रमांक 21 स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का अब संचालन मंडला जिले की ग्रामोद्योग संस्थान करेगी। प्रयोगशाला का आज मंगलवार को कृषि विभाग परासिया के



अधिकारियों द्वारा ग्रामोद्योग संस्थान के अधिकारियों को हस्तांतरित कर दिया गया। जिसके बाद अब इस प्रयोगशाला का संचालन इस निजी संस्थान द्वारा किया जाएगा। उपसंचालक कृषि कल्याण एवं कृषि विकास केन्द्र छिंदवाड़ा के आदेश पर विधिपूर्वक मंगलवार को कृषि विभाग परासिया के अधिकारी द्वारा ग्रामोद्योग संस्थान के अधिकारियों को भवन समस्त जांच उपकरण फर्नीचर सहित अन्य सामग्री हस्तांतरित कर दी गई। परासिया में कृषि उपज मंडी पर मिट्टी परीक्षण केंद्र है। जहां मिट्टी की जांच कराने से पता चलता है कि खेत में कौन सी फ़सल उगाने पर अच्छी पैदावार मिलेगी। मिट्टी परीक्षण कराने से फ़सल की पैदावार बढ़ाने में मदद मिलती है।

## 23 फरवरी को सौंसर आएगी श्री साईबाबा की चरण पादुका

**सौंसर।** नगर के साईं मंदिर में मंगलवार को सौसर में आ रही सद्गुरु श्री साईबाबा की दिव्य चरण पादुका यात्रा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे, सच्चिदानंद सेवा समिति सचिव आनंद बंक्षी ने बताया की सच्चिदानंद सेवा समिति श्री साई मंदिर विवेकानंद कालोनी के द्वारा श्री शिडी सांई बाबा के मूर्ति स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शिरडी साइन बाबा के दिव्य चरण पादुका का आगमन पांढुणा छिंदवाड़ा जिले में हो रहा है,23 फरवरी रविवार को सौसर में यह यात्रा पांढुना से सिवनी राजना होते हुए लगभग 12.15 बजे पीपला, दोप. 12.45 बजे बजाज चौक, दोपहर 1.बजे सौसर पहुँचेगी। सौंसर में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी राजनीतिक संगठन तथा सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस यात्रा एवं चरण पादुका का जगह-जगह पर स्वागत सत्कार किया जाएगा। श्री शिर्डी सांई बाबा की पादुकाएँ अत्यंत आस्था का केंद्र है। देश भर में अनेक स्थानों पर लाखों भक्तों द्वारा इन पादुकाओं का पूजन दर्शन किया गया है। शिर्डी सांई बाबा के परम भक्त श्री शंकरराव रघुनाथ देशपांडे उर्फ श्री नानासाहब निमोणकर को 1898 में बाबा ने स्वयं यह पादुकाएँ उन्हें सौंपी थी। नानासाहब निमोणकर की सांई बाबा से 1890 में पहली मुलाकात हुई और वे 1891 में शिर्डी आकर बस गये।शिर्डी सांई बाबा द्वारा दी गई पादुकाएँ नानासाहब की चौथी पीडी नंदकुमार निमोणकर के पास मूल स्वरूप में विद्यमान है। नानासाहब ने बाबा के लिए अपनी अकूत संपदा एवं वैभव त्यागकर बाबा की शरण में आने का निर्णय किया था।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे, पीपला नगर कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश चौधरी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील भांगे, कांग्रेस नेता सतीश बोडखे आदि थे।

# श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हुई शौर्य दौड़ स्पर्धा

## शौर्य दौड़ में राजन यादव नागपुर ने जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज सौंसर



मंगलवार को श्री शिवराय संगठन के तत्वाधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती के अवसर पर 10 किमी की शौर्य दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा पूजन अभिवादन एवं ध्वजारोहण राष्ट्रगीत के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य संदीप पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निरज सोनी, सीएसपी डी हि नागर,लक्ष्मण चाके,सौसर नपा अध्यक्षश्रीमती सुरेखा डागा,संजय राठी,सौसर जनपद अध्यक्ष संजय भुते, मोहगाव अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, सीएमओ मौसम पालेवाल आदि थे।10 किमी की यह शौर्य दौड़ नगर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से प्रारंभ होकर भगवान अर्धनारीश्वर की नगरी मोहगांव हवेली के स्वागत द्वार पहुंचकर पुनः वापस छत्रपति शिवाजी महाराज चौक सौसर पहुंची,दौड़ में 175 से अधिक धावकों ने भाग लिया। शौर्य दौड़ में नागपुर महाराष्ट्र से आए राजन यादव ने प्रथम स्थान,नागपुर के पियूष मसाने ने द्वितीय स्थान और कानपूर उत्तरप्रदेश के रवि कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम 31000 रूपये की नगद,दूसरा 15000 ओर तीसरा 7500 की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस दौड़ में महिला धावकों इशिका वर्मा, जान्हवी मते, मयूरी बिंझाडे, शीतल कावड़े, विभा सोलंकी, धनश्री करोकार, योगिता करोकार, भाविका करोकार ने भाग लिया। जिन्हें प्रोत्साहन के रूप में 2100 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। इस दौरान श्री शिवराय संगठन अध्यक्ष प्रदीप बिघाने, शिव जयंती कार्यक्रम प्रभारी सचिव निखिल जूनघरे,पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर, आदित्य द्वंवडे,आदि थे।

## पांच दिवसीय गोंडी धर्माचार्य करेंगे कोया पुनेम नरका पंडू सत्यसार का आयोजन

**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी के समीप ग्राम नंदौरी में आदिवासी समाज द्वारा 22 फरवरी से 26 फरवरी तक दूसरी बार पांच दिवसीय गोंडी धर्माचार्य करेंगे कोया पुनेम नरका पंडूम सत्यसार का आयोजन।आयोजक समिति के राम शंकर बड़कड़े ने बताया की प्राकृतिक शक्ति बड़ादेव ठाना, खैरो दाई एवं मुठुआ बाबा ठाना, नंदौरी में द्वितीय वर्ष 5 दिवसीय गोंडी धर्म दर्शन कोया पुनेम नरका पण्डूम सत्य सार प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। हमारे ग्राम के सगाजनो द्वारा समाज की धर्म भाषा संस्कृति रिति-रिवाज व परम्परा को बनाये रखने हेतु 33 कोट पेन शक्तियों एवं जीव जगत उत्पत्ति की गाथा एवं गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ 57 परगनाओ की ऐतिहासिक जानकारी हमारे बीच उपस्थित हो रहे गोंडी धर्माचार्य दादा तिरू. घनश्याम कौरेती जी सिवनी के माध्यम से सगा समाज को अवगत करवाया जावेगा।वही समिति ने समस्त सगाजनों से अपना बहुमूल्य समय निकालकर कोया पुनेम कार्यक्रम में सामिल होने का अनुरोध किया गया है।

## सांगाखेड़ा एवं झिरपा क्षेत्र में टाइगर रिजर्व के गेट खोलकर रोजगार बढ़ाए सरकार

**जुन्नारदेव।** महादेव मेला में सुविधा के लिए सांगाखेड़ा एवं नांदिया के बीच देनवा नदी पर स्थाई पल पुल की भी माँग रखी। बैठक में जुन्नारदेव सहित पिपरिया एवं सोहागपुर के विधायक भी हुए बैठक नर्मदा पुरम संभागायुक्त के. जी. तिवारी, बैतूल एवं नर्मदा पुरम कलेक्टर, जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, बफर जोन क्षेत्र संचालक राखी नंदा, जुन्नारदेव सहित पिपरिया, नर्मदापुरम एवं शाहपुर एस डी एम, डी एफ ओ सहित वन विभाग एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारी उपस्थित थे।

# आदर्श ग्राम छाबड़ी भुतहा में गौवंश का सर्वे

हरिभूमि न्यूज जुन्नारदेव

आदर्श ग्राम छाबड़ी भुतहा में स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति द्वारा गौवंश का सर्वे कार्य किया गया।ग्राम छाबड़ी भुतहा के 60 अधिक घरों का सर्वे कार्य किया गया जिसमें गौवंश की गिनती की गई।यह कार्य मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अखिलेश जैन ब्लॉक समन्वयक संजय बामने के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सेक्टर 2 स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति द्वारा आयोजित किया गया।आदर्श ग्राम में गौ राष्ट्र माता का सर्वे किया गया। जिसमें 61 घरों में से 41 घरों में 47 गौ राष्ट्र माता है।जिसकी छाया प्रति चिन्हित किया गया है।यह जानकारी ग्राम के सभी लोगों को दी गई है। गौवंश का सर्वे किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती अर्चना माहोरे कोषाध्यक्ष सदस्य प्रसफूटन समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य उपस्थित थे।



### पूर्व खनिज मंत्री जायसवाल व पूर्व सांसद बिसेन के प्रयास से हुआ हैं स्वीकृत

# 42 लाख 69 हजार रूपये की राज्य आयोजना मद की राशि से बन रहा है डेम

### टोड्या नाले पर स्टाप डेम का कार्य प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शहर के कटंगी मार्ग मोक्षधाम के पास से बहने वाले टोंडिया नाले पर लंबे इंतजार के बाद स्टॉप डेम निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया हैं, जो शीघ्र ही बनकर तैयार हो जायेगा। नाले पर इस स्टॉप डेम के बन जाने से इस क्षेत्र में पानी की समस्या करीब-करीब समाप्त हो जायेगी और मवेशियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही इस नाले के आसपास स्थित कृषि भूमि को भी साल भर पानी मिलने की उम्मीद की जा रही हैं।

**किसानों, मवेशियों व नागरिकों को होती थी परेशानीः** विदित हो कि शहर से होकर गुजरने वाले इस नाले का पानी मवेशियों सहित मोक्षधाम में होने वाले क्रियाकलापों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन गर्मी के मौसम में नाले का पानी पूरी तरह सूख जाने की वजह से मूक पशु पक्षियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ता था। वहीं अंतिम क्रिया के लिए मोक्षधाम में आए लोगों को मृतक परिजनों की राख विसर्जन व अन्य धार्मिक कार्य को करने में पानी के अभाव में पूर्ण करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।

**25 वर्षों से लगातार उठ रही थी माँगः** इस विकट समस्या को देखते शहरवासी लगातार पिछले 25 वर्षों से नगरपालिका में बैठे जिम्मेदारों से इस नाले पर स्टॉप डेम बनाने की मांग करते रहे हैं। तब से लेकर अब तक नगरपालिका में 5 सरकारें आकर चली गई, लेकिन किसी ने भी इस अहम और महत्वपूर्ण माँग की ओर ध्यान नहीं दिया। परिणामस्वरूप गर्मी के मौसम में पानी की विकट समस्या लगातार बनी रहने से मूक पशुओं सहित इंसान भी बेहद प्रभावित रहे है।

वर्ष 1993 से लेकर अब तक वारासिवनी विधानसभा को 4 विधायक मिले हैं, जिनमें से प्रदीप जायसवाल कांग्रेस से लगातार 3 बार विधायक बने। इसके साथ ही नगरपालिका में भी वर्ष 1995 से 2005 और फिर 2010 से 2020 तक कांग्रेस की सरकार रही। लेकिन उसके बाद भी स्टापडेम का निर्माण नहीं हो सका। इस बीच श्री जायसवाल ने टोड्या नाले पर पुल अवश्य बनवा दिया था। उसके बाद चौथी बार हारने के बाद श्री जायसवाल पुनः वर्ष 2018 में निर्दलीय विधायक बने थे। उस दौरान वह कांग्रेस की सरकार में खनिज मंत्री बने और फिर कांग्रेस की सरकार गिरने के बाद भाजपा सरकार को समर्थन देकर खनिज निगम का अध्यक्ष बन गए थे।

श्री जायसवाल द्वारा भाजपा सरकार को समर्थन देना क्षेत्र के विकास के लिए फायदेमंद सिद्ध हुआ और उन्होंने अपने कार्यकाल में कई विकास कार्य करवाये। उन्हीं में एक कार्य तत्कालीन सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के सहयोग से राज्य आयोजना मद से कटंगी मार्ग पर स्थित टोड्या नाले पर 42 लाख 69 हजार रुपये की लागत से 10 जनवरी 25 से बनने का कार्य प्रारंभ हो गया हैं। इस स्टॉप डेम का निर्माण कार्य निर्माण एजेंसी आरईएस की देखरेख में ठेकेदार सतीश गुप्ता छिंदवाड़ा द्वारा किया जा रहा हैं, जिसे बारिश के पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य एजेंसी द्वारा रखा गया है।

**स्टॉप डेम बनने से पानी की समस्या होंगी दूरः** कटंगी मार्ग स्थित मोक्षधाम के टोडिय़ा नाले पर बनने वाले इस स्टॉप डेम के पूर्ण हो जाने के बाद हर वर्ष गर्मी के मौसम में मूक पशु, पक्षियों सहित बाजार दिवस पर बाहर से बिकने के लिए आने वाले मवेशियों को भी पानी की पर्याप्त पूर्ति होने के साथ ही मोक्षधाम में क्रियाक्रम करने के लिए आने वालों को होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिल जाएंगी।

### इनका कहना है


पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल व पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन की अनुशंसा पर टोड्या नाले पर राज्य आयोजना मद की 42 लाख 69 हजार रुपये की राशि से स्टॉप डेम बनाया जा रहा हैं, जिसे बारिश के पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस स्टाप डेम की लंबाई 29 मीटर और ऊँचाई 5 फीट रखी जा रही हैं। यह कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग 2 के कार्यपालन यंत्री मनोज धुर्वे के मार्गदर्शन, एसडीओ आर पी ताराम व सरोज सरैया के निर्देशन में उपयंत्री मनीषा गहलोत की देखरेख में हो रहा है।

**बी.एन. शिव, समयपाल आरईएस**

### श्री शिव सांई मंदिर में 20 से 28 फरवरी,2025 तक होगा

## संगीतमय श्री शिवमहापुराण का आयोजन

### *01 मार्च को महाशिवपुराण के समापन पर सांई मन्नत भंडारा*



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शहर के मध्य देवी तालाब के किनारे, डॉ. शुक्ला नर्सिंग होम के सामने स्थित श्री शिव सांई मंदिर ट्रस्ट परिसर में लगभग 300 वर्षो से स्थापित सिद्ध, मंगलकारी व मनोकामना पूर्ति करने वाले भगवान शिव के सनातनी नर्मदेश्वर शिवलिंग की असीम कृपा व प्रेरणा से मंदिर परिसर प्रांगण में आगामी 20 से 28 फरवरी तक कथा व्यास पं. परिणित कृष्ण दुबे बम्हनी बंजर जिला मंडला के मुखारबिन्द से 9 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण एवं रूद्री निर्माण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 22 फरवरी से प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे रूद्री निर्माण, पूजन, अभिषेक होगा व दोपहर 3 से 6 बजे तक संगीतमय प्रवचन होगा। शिव महापुराण का विशेष आकर्षक रहेगा रूद्राक्षेश्वर महादेव (रूद्राक्ष से बने शिवलिंग) का पूजन व अभिषेक। प्रतिदिन की पूजन व अभिषेक से अभिमंत्रित हजारों रूद्राक्ष को श्री शिवमहापुराण की समाप्ति पर उपस्थित श्रद्धालु शिवभक्तों को निःशुल्क रूद्राक्ष वितरण किया जायेगा। अभिमंत्रित व मनोकामना पूर्ति वाले अभिमंत्रित रूद्राक्ष पाने हेतु मंदिर ट्रस्ट में पूर्व में पंजीयन करा, रूद्राक्ष दीक्षा कार्ड अवश्य प्राप्त करें। केवल कार्ड धारियों को ही अभिमंत्रित रूद्राक्ष निःशुल्क वितरित किया जायेगा।

### विद्युत विभाग एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त कार्यवाही

## अवैध रूप से चल रहे विद्युत पंपों की हुई जब्ती



हरिभूमि न्यूज लांजी।

तहसील क्षेत्र लांजी के अंतर्गत ग्रामों में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता एवं एसडीओ सिंचाई विभाग के निर्देशन पर ग्रामीण अंचलों में बिना टीसी कनेक्शन लिए एवं बकाया राशि जमा न होने के बावजूद भी अवैध रूप से विद्युत पंप चलाकर नहरों से सिंचाई की जा रही थी। जिसका सहायक अभियंता विद्युत विभाग लांजी एवं एसडीओ सिंचाई विभाग के सयुक्त टीम द्वारा ग्राम पालडोंगरी, बोरी एवं मनेरी से गुजर रही मुख्य नहर में बिजली चोरी से चल रहे पंप एवं चोरी से पानी का उपयोग कर रहे किसानों पर कार्यवाही करते हुए मोटर पंप एवं पाईप को जप्त किया गया एवं पंचनामे की कार्यवाही की गई। एवं साथ ही किसानों को वैध अस्थाई पंप कनेक्शन लेने हेतु जागरूक किया गया एवं समझाइश दी गई। उल्लेखनीय हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर किसान अपने खेतों में सिंचाई कार्य के लिए टीसी कनेक्शन न लेकर बिजली चोरी करके नहरों से सिंचाई के लिए पानी ले रहे थे जिसकी लगातार विभाग को शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद 18 फरवरी को विद्युत विभाग के सहायक अभियंता एवं सिंचाई विभाग एसडीओ की संयुक्त टीम ने उक्त कार्यवाही की।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 2578 साक्षरों ने दी परीक्षा

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए समाज के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के ऐसे व्यक्ति जो की औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए हैं और औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने की उम्र पार कर चुके हैं। उनकी निरक्षरता उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार अप्रैल 2022 से 2027 तक संपूर्ण मध्य प्रदेश में मिशन मोड पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। भारत सरकार के निर्देश अनुसार संचालित कार्यक्रम के तहत 16 फरवरी रविवार को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। वारासिवनी विकासखंड समन्वयक भोजराज पटले ने बताया कि विकासखंड वारासिवनी के सभी 172 सामाजिक चेतना केंद्रों पर 2492 नव साक्षरों को साक्षरता परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य जिले द्वारा दिया गया था।

### पीड़ितों ने पुलिस से की शिकायत, पुलिस जांच में कर रही आनाकानी

# जमीन खरीदी-ब्रिकी के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी, एक ही प्लाट को कई लोगों को दिखाकर उनसे मोटी रकम वसूलना और फिर उन पैसों से लग्झरी लाइफ जीना. महंगी गाड़िया, महंगे फोन इस्तेमाल करना. यह कोई फिल्म की कहानी नहीं बल्कि कटंगी के दो भाईयों की करतूत है. उन्होंने करीब दर्जन भर लोगों को अपने झांसे में फंसाकर उनसे प्लाट और जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर मोटी रकम वसूल कर ली है. जिन लोगों ने इन भाईयों को पैसा दिया है. वह अपना पैसा वापस पाने या फिर प्लाट-जमीन पाने के लिए चक्कर काट रहे है. मगर, इन दिनों ही भाईयों के द्वारा पीड़ितों को सिर्फ तारिख पर तारिख दी जाती है. पीड़ितों की माने तो वह पुलिस के पास भी अपनी गुहार लेकर गए लेकिन पुलिस भी उचित कार्रवाई नहीं करती बल्कि इन दोनों ही भाईयों का पक्ष लेकर पीड़ितों को ही समय देने की बात कहती है. खैर, इन दोनों ही भाईयों के चंगुल में फंसे लोग अब धीरे-धीरे सामने आ रहे है और पुलिस में शिकायत भी कर रहे है.



पुलिस आवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं करती इसलिए आनलाइन एफआईआर दर्ज करा रहे है।

इन दोनों ही भाईयों के द्वारा जमीन ब्रिकी के नाम पर धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है. कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 01 अर्जुननाला निवासी कोमल प्रसाद बावने के साथ यह धोखाधड़ी हुई है. उन्होंने 17 फरवरी को अपने साथ हुई इस धोखाधड़ी की ऑन लाइन एफआईआर दर्ज करवाई है. वहीं इसके पहले 24 जनवरी को पुलिस अधीक्षक और महानिरीक्षक कार्यालय में एक शिकायती आवेदन भी दिया था जिस पर अब तक कोई जांच कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ति ने ऑन लाइन एफआईआर दर्ज करवाई है. कोमल प्रसाद बावने के साथ यह धोखाधड़ी वार्ड क्रमांक 11 मुंदीवाड़ा कटंगी निवासी दीपक पिता सतीश श्रीवास, मोहित श्रीवास और जमीनों की दलाली करने वाले दलाल उमरी निवासी बैथनाथ पंचेश्वर, खमरिया निवासी दिलीप उर्फ बब्लु सुरसकार ने मिलकर की है. कोमल प्रसाद बावने ने बताया कि 21 जुलाई 2024 को दीपक श्रीवास के साथ ग्राम अगासी मुख्य मार्ग के 30 बाई 100 के प्लाट का सौदा 14 लाख 60 हजार रुपए में तय किया था. जिसकी रजिस्ट्री दिसंबर 2024 में होनी थी. इस सौदे के एवज में दीपक को चेक के माध्यम से 210000 की राशि दी गई।



दो भाई जिन्होंने मिलकर की ठगी

कोमल प्रसाद ने बताया कि सौदे के मुताबिक दिसंबर 2024 में रजिस्ट्री तय की गई थी लेकिन दीपक लगातार पैसों की मांग करने लगा था और अक्टूबर माह में ही एक लीगल नोटिस भेजकर रजिस्ट्री करने के लिए दबाव बनाने लगा तब नोटिस का जवाब दिया गया. वहीं तय समय यानी 28 दिसंबर को दीपक को प्लाट की रजिस्ट्री करने के लिए कहा गया तो वह टालमटोल करने लगा और फिर लगातार आए दिन तारिख बदलते रहा. ऐसे में कोमल प्रसाद को पता चला कि जिस प्लाट की रजिस्ट्री तय की गई है. दरअसल, में वह प्लाट दीपक श्रीवास का ना होकर किसी प्रीति खंडेलवाल नाम की महिला के नाम दर्ज है. यह जानकारी सामने आते ही कोमल प्रसाद ने दीपक श्रीवास को लीगल नोटिस भेजकर बयाने की रकम वापसी करने कहा लेकिन आज तक दीपक ने नोटिस का जवाब नहीं दिया और ना ही कोमल प्रसाद को बयाने की रकम वापस लौटाई है. जिसकी ऑन लाइन एफआईआर कोमल प्रसाद ने की है. बता दें कि दीपक और मोहित दोनों भाईयों के द्वारा इस तरह की धोखाधड़ी और भी कई लोगों के साथ की गई है. यह जमीन खरीदी-ब्रिकी के नाम पर लोगों से मोटा पैसा वसूल कर लग्झरी जीवन जी रहे है जबकि इनके द्वारा ठगे गए लोग अपना पैसा वापस पाने के लिए दर-दर की ठोंकरे खा रहे है।

## खबर संक्षेप



### नर्मदा परिक्रमा के दौरान लखनादौन पहुंचे गुरु शांडिल्य

(लखनादौन)करुणाधाम आश्रम भोपाल से पीठाधीश्वर गुरु सुदेश शांडिल्य अपने पद यात्रादल के साथ आज लखनादौन पहुंचे जहां दल का गाजे बाजे से उपस्थित जनों द्वारा स्वागत किया गया तत्पश्चात नगर वन लखनादौन में वन विभाग,नगर परिषद,एवं जन अभियान परिषद लखनादौन के द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पौधारोपण किया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को पौधों का संरक्षण की शपथ दिलायी एवं मां नर्मदा परिक्रमा यात्रा के अनुभव साझा किए,पीठाधीश्वर नगर वन के बाद लखनादौन श्री राम मंदिर पहुंचे जहां पर भोजन प्रसादी के बाद आगे प्रस्थान किए जहां रात्रि विश्राम सिरमंगनी ग्राम तय किया गया

### विधायक रजनीश मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में हुये सम्मिलित

आज दिनाँक 18 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने सिवनी विकासखंड के पॉलिटेक्निक ग्राउण्ड सिवनी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह /निकाह कार्यक्रम के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया। कार्यक्रम के आयोजन में सर्वप्रथम सिवनी विधायक दिनेश राय ने विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह का पुष्प माला एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। तद्पोरांत विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक गण एवं नवयुगल वैवाहिक जोड़ों को संबोधित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। तत्पश्चात विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह नवयुगल जोड़ों को चैक के माध्यम से राशि प्रदान कर शुभकामनाएँ दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह कार्यक्रम सिवनी विकासखंड के 434 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया जिसमें 218 जोड़ों का आदिवासी रीतिरिवाज से, 198 जोड़ों का हिंदू रीतिरिवाज से, 11 जोड़ों का बौद्ध रीति रिवाज से एवं 07 जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से विवाह-निकाह संपन्न कराया गया।

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रगति सनोडिया को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**बच्चों में पढ़ाई के कौशल के साथ-साथ विज्ञान पर्यावरण और भूगोल के प्रति जागरूक और कौशल बढाने के लिए कक्षा 6वीं से 12वी में अध्ययनरत बच्चो के बीच विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिता आयोजित कराई जाती है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इस वर्ष आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक शाला भैरोगंज विकासखण्ड सिवनी में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत कु. प्रगति सनोडिया ने क्रमशः ब्लाक ,जिले एवं संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
इसी तरह इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी 52 जिलों को पछाड़कर कु.प्रगति सनोडिया ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। कु.प्रगति सनोडिया का हौसला बढ़ाने के लिए हमारे जिले की शिक्षा के प्रति विशेष रुचि रखने वाली कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के द्वारा मंगलवार 18 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उन्होंने मार्गदर्शी शिक्षक कु. दीपिका विश्वकर्मा और प्रधान पाठक श्रीमती सपना बरमैया की भी सराहना की।
इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, एडीएम सिवनी सुश्री मेघा शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रियंका वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे, जिला परियोजना समन्वयक, बीआरसी सिवनी सहित जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण का उपस्थित थे जिनके द्वारा भी प्रगति सनोडिया एवं शिक्षको की सराहना की गयी।



# सामूहिक विवाह में 426 जोड़ें परिणय सूत्र में बंधे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्टिनक कॉलेज मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 426 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस दौरान विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, केवलारी विधायक श्री रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेखा देशमुख सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजन मौजूद थे। अतिथियों द्वारा नवविवाहितों पर चांवल एवं पुष्प की वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं गई। विवाह पश्चात नवदंपतियों में प्रत्येक को 49-49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया।
डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ जनपद सिवनी से प्राप्त जानकारी अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 190 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज, 218 आदिवासी रिवाजो से एवं 07 जोड़ों ने मुस्लिम तथा 11 जोड़े ने बौद्ध रीतिरिवाज से विवाह किया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग के लिए संचालित योजना के तहत आयोजित इस समारोह के दौरान वर-वधू और परिजनों में खुशी की लहर रही। परिवारजनों ने बेटी के विवाह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से पुत्री का विवाह धूमधाम से सम्पन्न हो गया है। इसके लिए सभी परिवारजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# झाबुआ पांवर लिमिटेड के असुरक्षित फ्लाई ऐश परिवहन एवं प्रबंधन को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों एवं जनसामान्य के माध्यम से अनुविभाग घंसौर अंतर्गत झाबुआ पावर लिमिटेड प्लांट से निकलने वाली राख से खेती की फसले, वायु प्रदूषण तथा असुरक्षित रूप से फ्लाई ऐश परिवहन की प्राप्त जानकारी को संज्ञान लेते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।
जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनुविभाग घंसौर अंतर्गत झाबुआ पावर लिमिटेड प्लांट की राजस्व सीमा में असुरक्षित फ्लाई ऐश का अवैध परिवहन एवं ओवर लोडिंग वाहन को प्रतिबंधित किया गया है। फ्लाई ऐश का परिवहन पूर्णतः फिट एवं वाहनों में कवर्ड कर परिवहन सुनिश्चित किया जायेगा। फ्लाई ऐश का खाली वाहनों को भी गतव्य स्थल पर ही साफ-सफाई सुनिश्चित किया जाए। झाबुआ पावर प्लांट स्थल पर फ्लाई ऐश के निस्तारण/निपटान हेतु निर्मित तालाब (पलाई ऐश पौण्ड) में हवा के बहाव से उड़ने पर प्रतिबंध हेतु बाउण्ड्रीवाल उंची किया जाए एवं प्लांट में पानी का छिडकाव की व्यवस्था की जाए, ताकि फ्लाई ऐश उड़ने से जनमानस को कोई खतरा न हो। सड़क पर परिवहन पश्चात पानी से सडकों की सफाई कि जाए। फ्लाई ऐश के ओवरलोडिंग वाहन पर प्रतिबंध हेतु धरमकांटा लगाया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। आदेशानुसार झाबुआ पावर प्लांट के संबंध में जारी की गई पर्यावरणीय स्वीकृति एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक शर्तों का अनुपालन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करना होगा।
यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया गया है। आदेश से व्यथित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (5) के अंतर्गत कलेक्टर न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

### विधिक साक्षरता शिविर एवं मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में मंगलवार 18 फरवरी को श्रीमती मनीषा बसेर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सिवनी द्वारा मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुटुम्ब न्यायालय परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में पक्षकारगणों को मध्यस्थता योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दि गई। साथ ही शिविर में उपस्थित श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा दिनांक 08 मार्च 2025 को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी दि गई। उक्त कार्यक्रम में अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

### संदिग्ध वाहनों की धरपकड़ के साथ संदेहियों की गई चैकिंग

# पैदल भ्रमण दौरान यातायात किया व्यवस्थित, दुकानदारों को दी गई दुकान व्यवस्थित लगाने की समझाईश

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इसी क्रम में शामकालीन प्रोट्रोलिंग दौरान अपराधियों एवं संदेही वाहनों की धरपकड़ की गई जिसमें थाना कोतवाली से प्रारंभ कर नगरपालिका चौक, मालू तिराहा, नेहरू रोड़, शुक्रवारी, जैन मंदिर तरफ थाना कोतवाली के लगभग 20 का स्टाफ लेकर संदेहियों की चैकिंग की गई जो चैकिंग दौरान निम्नानुसार कार्यवाही की गई।

### तीन सवारी वाहन चालकों पर कार्यवाही

मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही, बिना नम्बर प्लेट वाहन चलाने वालों के विरूध्द कार्यवाही, रोड पर अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े करने वालों के विरुध्द कार्यवाही, तेज आवाज साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों के विरुध्द कार्यवाही। आम रोड़ पर दुकान की सामग्री बाहर निकालकर दुकान लगाने वालों के समझाईश दी गई। वही नाबालिक वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही। कुल चालानों की संख्या13 (जिसमें 02 तेज आवाज साइलेंसर बुलेट पर चालानी कार्यवाही की जाकर साइलेसरों को हटवाया गया । कुल समन शुल्क की राशि 5000 रुपये से अधिक थाना लाये गये वाहनों की संख्या 18 जिनके दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा हैं। कार्यवाही में सहयोगी स्टाफ निरी. सतीश तिवारी, उनि देवेन्द्र उइके, सउनि संजय यादव, दिनेश रघुवंशी, प्र.आर. मनोज पाल, तिलकराम धुर्वे, चन्द्रप्रकाश अडमें, विशाल भांगरे, आर, राजू भलावी, मुकेश चौरिया, इरफान खान, सिध्दार्थ दुबे एवं अन्य स्टाफ रहा।

# शिवरात्रि पर्व पर नगर में धूमधाम से निकलेगी देवाधिदेव महादेव की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर इस वर्ष भी भक्तों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर सिद्धपीठ मठ मंदिर में होने वाले प्रतीकात्मक शिव-पार्वती विवाह एवं शिव बारात के सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्यों सहित नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

### महाशिवरात्रि का पावन पर्व और इसकी महत्ता

महाशिवरात्रि भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह का परम पवित्र पर्व है, जिसे सम्पूर्ण भारतवर्ष में भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और श्रद्धालु उपवास रखते हैं।
सिवनी में यह पर्व हर वर्ष भव्य रूप से मनाया जाता है, जिसमें शिव बारात, रात्रि जागरण, अभिषेक, और विशेष आरती का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी भक्तों में असीम उत्साह है और तैयारियां जोरों पर हैं।



### सिद्धपीठ मठ मंदिर में विशेष आयोजन

इस बार सिद्धपीठ मठ मंदिर में होने वाले आयोजन में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष कुछ नए और अद्वितीय कार्यक्रम जोड़े गए हैं, जिनमें शामिल हैं।

### महादेव की भव्य बारात का आयोजन

विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण
रात्रि जागरण एवं शिव भजन संध्या
विशेष रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय जाप
शिव-पार्वती विवाह समारोह

### शिव बारातः अनोखा आकर्षण

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिवनी की सडक़ों पर महादेव की दिव्य बारात निकलेगी। इस बारात में भगवान शिव, नंदी बैल, गण, भूत-प्रेत, साधु-संत और विभिन्न झांकियों का मनोहारी दृश्य देखने को मिलेगा। शिव बारात का शुभारंभ सिद्धपीठ मठ मंदिर से होगा और यह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त होगी।

### शिव बारात के मुख्य आकर्षण

भगवान शिव एवं माता पार्वती की सव झांकी
शिव तांडव नृत्य एवं अखाड़ों का प्रदर्शन
शंख-घंटा-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा

### श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण

शिवरात्रि के अवसर पर नगर में विशेष सजावट
महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सिवनी नगर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। प्रमुख मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। नगर की गलियों में भक्तों द्वारा हर-हर महादेव के जयकारे लगाए जा रहे हैं।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल कैवल्यधाम योग शिक्षण केंद्र भोपाल के सहयोग से ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोनावला महाराष्ट्र कैवल्यधाम मुख्य ब्रांच के प्रमुख चेयरमैन ओपी तिवारी तथा सुबोध तिवारी कैवल्यधाम योग प्रशिक्षण केंद्र बावडिया कला भोपाल ब्रांच के प्रभारी श्री संदीप दीक्षित के मार्गदर्शन में योग ऑनलाइन शिविर आयोजन हो रहा है तथा इस ऑनलाइन योग प्रशिक्षण के कोऑर्डिनेटर योगाचार्य राकेश चौहान तथा योग प्रशिक्षिका संध्या चौहान द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है 17 फरवरी से 22 फरवरी 2025 तक ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शिविर पंचम चरण के 10 महाविद्यालयों में हो रहा है इसी तारतम्य में पी कालेज सिवनी में भी किया जा रहा है इस प्रशिक्षण के महाविद्यालय प्रभारी के सी बापू राउर ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत विद्यार्थियो को सात दिवसीय प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र प्रदान किया जावेगा

# उत्कृष्ट विद्यालय में भी अब होगी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

### कक्षा नवमीं के लिए आवेदन फार्म की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 फरवरी तक

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में अभी तक हिन्दी माध्यम से पढ़ाई होती थी । प्राचार्य महेश कुमार गौतम ने बताया विद्यालय द्वारा इस वर्ष से अग्रें माध्यम से भी पढ़ाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है । अब विद्यालय में हिन्दी एवं अंग्रे दोनों माध्यमों में कक्षाएं संचालित की जावेंगी । कक्षा नवमी में प्रवेश म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से होता है । कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी से बढ़ाकर 20 फरवरी 2025 कर दी गई है ।
परीक्षा का आयोजन परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर जिला स्तर के परीक्षा केन्द्रों पर 09 मार्च 2025 (रविवार) को होगा । कक्षा नवमी प्रवेश चयन परीक्षा 2025 हेतु इस वर्ष कक्षा आठवीं में नियमित अध्यनरत बच्चे पात्र होंगे ।
कक्षा आठवी में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राएं अपने नजदीक एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क सेंटर में जाकर या स्वयं डेबिट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्रोसेसिंग शुल्क रू. 200 का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकते हैं । ऑनलाइन फॉर्म भरते समय कक्षा सातवीं की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र, पूर्ण पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल पता तथा विद्यार्थी का वर्तमान का फोटो खिचवाने के दिनांक सहित की आवश्यकता होगी ।प्राचार्य द्वारा बताया गया कि आगामी सत्र से उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में 100 सीटर बालक एंव 100 सीटर बालिका छात्रावास भी संचालित होंगे, जिसमें सभी श्रेणी के विद्यार्थियों को नियमानुसार निःशुल्क प्रवेश दिया जावेगा। आवास व्यवस्था निःशुल्क होगी । उत्कृष्ट विद्यालय में अध्यापन कार्य के साथ-साथ अटल टिंकरिंग लैब, उन्नत प्रयोगशालाएं, उच्च स्तर पर खेलकूद प्रशिक्षण, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यिक तथा योग की गतिविधियां संचालित होती हैं ।
अधिक जानकारी के लिये संस्था के शिक्षक देवेन्द्र ठाकुर से मोबाइल नम्बर 7697613865, 9301964294 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

# जिलास्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 118 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। जिलास्तरीय जनसुनवाई में संजय वार्ड सिवनी निवासी मोहिद खान द्वारा बीपीएल राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी फैमिदा बी द्वारा आवास हेतु भूमि प्लाट दिलाये जाने विषयक, ग्राम पांडीवाडा तहसील केवलारी निवासी कैलाश बाई भलावी द्वारा आधार कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम थांवरी खमरिया तहसील धनौरा निवासी रविंद्र कुमार नेताम द्वारा आईडी में सुधार किये जाने विषयक, ग्राम मगरकठा तहसील बरघाट निवासी लखनलाल यादव द्वारा त्रुटिपूर्ण बिजली बिल भुगतान राशि कम किये जाने विषयक, ग्राम वार्ड नं.13 घंसौर निवासी रानी नामदेव द्वारा संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम सिहोरा थाना बंडोल निवासी अनारकली धुर्वे द्वारा डीएलएड छात्रवृत्ति दिलाये जाने विषयक, ग्राम घंसौर तहसील घंसौर निवासी लेखराम चौधरी द्वारा राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने विषयक, ग्राम सिंदरिया सुकतरा निवासी सीताराम डेहरिया द्वारा बयनामा रजिस्ट्री के आधार पर नामांतरण किये जाने विषयक, ग्राम मेहराबोडी थाना अरी निवासी धनीराम ग्वालवंशी द्वारा किसान सम्मान निधि राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम डूंडासिवनी निवासी आशा उइके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम लूघरवाडा सिवनी निवासी गीता जैन द्वारा पेंशन योजना का लाभ एवं गरीबी रेखा का कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम पायली खुर्द छपारा निवासी टेकचंद बरमैया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम उमरिया निवासी ध्रुवकुमार धुर्वे द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने एवं रसीद दिलाये जाने विषयक, ग्राम देवघाट थाना पलारी निवासी रश्मि यादव द्वारा संबल योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम पौनिया बरघाट निसासी जीवन द्वारा प्रधानमंत्री योजनांतर्गत सहायता राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 118 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।।

### कालजयी रचनाकार कृष्णा सोबती जन्म शताब्दी कार्यक्रम का आयोजन

# कृष्णा सोबती का साहित्य स्वाधीन भारत की महिलाओं की बुलंद आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

हिन्दी साहित्य की महान रचनाकार कृष्णा सोबती की जन्म शताब्दी पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के हिंदी विभाग के शोध केंद्र में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने साहित्य में कृष्णा सोबती के योगदान को याद किया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार साझा किये।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने कहा कि कृष्णा सोबती जैसी महिला साहित्यकार युगों बाद पैदा होती है. भारतीय महिलाओं के लिए उनके लेखन से उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली. डॉ नाग ने भारतीय परिप्रेक्ष्य और परंपरा में स्त्री अधिकारों पर भावपूर्ण व्याख्यान दिया।
हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. सविता मसीह ने कहा कि कृष्णा सोबती अपनी कहानियों और उपन्यासों के कारण साहित्य जगत में अमर हो गईं हैं। बताया कि उनका उपन्यास ज़िन्दगीनामा किसानों की महागाथा है. कहा कि कृष्णा सोबती महिला अधिकारों की पक्षधर थीं. बताया कि सिक्का बदल गया स्त्री अधिकारों की एक महत्वपूर्ण कहानी है। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने कहा कि कृष्णा सोबती का साहित्य स्वाधीन भारत की महिलाओं की बुलंद आवाज़ है कहा कि कृष्णा सोबती की भाषा शैली ने उन्हें नई पहचान दिलाई कहा कि कृष्णा सोबती का साहित्य युवा पीढ़ी और विशेषकर महिलाओं को पढन्ना चाहिए। कहा कि जब तक भारतीय महिलाओं को अधिकार प्राप्त नहीं हो जाते, तब तक कृष्णा सोबती के साहित्य की प्रासंगिकता बनी रहेगी।



**हर व्यक्ति को साहित्य पढन्ना चाहिए-बापू राउर**

बतौर विशेष वक्ता स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी बापू राउर ने कहा कि साहित्य हम सभी के वन में घुला मिला है. कहा कि साहित्यकार समाज को दिशा देते हैं. हर व्यक्ति को साहित्य पढन्ना चाहिए. एम ए हिंदी की छात्रा दीपाली बोरकर ने भी कृष्णा सोबती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे. कार्यक्रम के दौरान वार्षिक उत्सव 2025 में प्रशंसनीय स्थान पाने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.
कार्यक्रम में जन भागीदारी शिक्षक छाया राय, अमितोष सनोडिया, हिंदी छात्र परिषद की अध्यक्ष अंबिका मिश्रा, निकिता पंचेश्वर, रानी पगारे, रक्षा राहंगडाले, मेहुल सिंह बिसेन, प्रद्युम्न पगारे, मयंक, राधा उइके, ज्योति उइके, आरती सनोडिया, नीहाल विश्वकर्मा सहित स्नातक कक्षाओं के छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

### कौन है कृष्णा सोबती

आधुनिक हिंदी कथा साहित्य में स्त्री अधिकारों की मुखर रचनाकार कृष्णा सोबती को उनके बोल्ड लेखन के लिए जाना जाता है। मित्रो मरजानी, ऐ लडक़ी, ज़िन्दगीनामा, सूरजमुखी अंधेरे के जैसे उपन्यास लिखकर उन्होंने हिंदी साहित्य को नई दिशा दी . 1980 में उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ । हिंदी में उनके समग्र योगदान को देखते हुए 2017 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया
अब तक हिंदी में केवल 11 रचनाकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है। महादेवी वर्मा के बाद कृष्णा सोबती ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाली दूसरी महिला हैं।

## 10 थानों की 75 लाख की चोरी का खुलासा

# 5 शातिर चोर गिरफ्तार, 45 लाख के जेवर बरामद



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जिले के 10 थाना क्षेत्रों में हुई 19 चोरियों के मामले में 5 चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 75 लाख रुपए की चोरी में से 45 लाख रुपए के जेवरात बरामद किए गए हैं।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि चोरी का अधिकांश माल उन्होंने नशे और जुए में उड़ा दिया। यह गिरोह महाराष्ट्र के नागपुर के साथ-साथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला में भी सक्रिय था।

### गिरोह के मास्टरमाइंड पर 40 मामले दर्ज

गिरोह का मास्टरमाइंड नागपुर के कामठी निवासी शहबाज उर्फ घुंघरू (33) है, जिस पर 40 आपराधिक मामले दर्ज हैं। शहबाज अपने भाई नौशाद (28), सलाउद्दीन (33) और बादल मेश्राम (25) के साथ दिन-दहाड़े चोरियां करता था। स्थानीय रेकी के लिए बकोड़ा निवासी भरतराज सराठे (24) को भी गिरोह में शामिल किया गया था।

### 15 मिनट में वारदात को देते अंजाम

एसपी नगेंद्र सिंह ने बताया कि, चोर मात्र 15 मिनट में वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद परसवाड़ा क्षेत्र में हुई एक चोरी के मामले में आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है।

## किसानों को धान-गेहूं का वादा, समर्थन मूल्य नहीं मिला

### आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन, कहा- भाजपा सरकार वादे पर खरी नहीं उतर रही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया। पार्टी ने किसानों को धान का 3100 रुपए और गेहूं का 2700 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य देने की मांग की है। बालाघाट में आप कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। संयुक्त कलेक्टर मायाराम कौल को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में किसानों से समर्थन मूल्य बढ़ाने का वादा किया था। केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार को आए लंबा समय हो गया है, लेकिन अभी तक समर्थन मूल्य को लेकर निर्णय नहीं लिया गया है। जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से किए वादों पर खरी नहीं उतर रही है। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में ज्ञापन सौंपा। पार्टी की मांग है कि सरकार किसान हित में किए गए वादे को जल्द पूरा करे।

## 17 सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं 01 के लिए आरओ नियुक्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने सहकारी समितियो के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये है। उन्होंने 17 सहकारी समितियों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जिसमे प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या.दमोह के लिए केएस सैयाम, बिठली के लिए श्री राजेंद्र गनवीर कछवाहा, मोहगांव के लिए डीएस धुर्वे, मंडई के लिए राकेश उइके, चिखलाझोड़ी के लिए कमलसिंह वायाम, डाबरी के लिए श्री गजेंद्र बिसेन, बुदबुदा के लिए ताराचंद डोंगरे, महकेपार के लिए दिनेश सलामें, पाण्डुतुला के लिए श्री शिवप्रसाद सरोटे, उकवा के लिए श्री अरविन्द मंडावी, सालेटेकरी के लिए श्री राजेंद्र कुमार मड़ामे, बिरसा के लिए अरुणेन्द्र शेखर तिवारी, मछुरदा के लिए मुकेश कुमार घोरमारे,नैतारा के लिए भुनेन्द्र वासनिक, कचनारी के लिए संतोष कतिया, भांडेरी के लिए विनोद कुमार चौरे और सहकारी समिति पल्हेरा के लिए श्री अतुलरॉय को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही सहकारी समिति मेंढकी के लिए वनपाल युवराज बोरकर को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**इन तिथियों में होंगे सहकारी समितियों के निर्वाचन कार्यक्रम**

सहकारी समिति के निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम अनुसार 17 सहकारी समितीयों में सदस्यता सूची प्रकाशित करने की तारीख 28 मार्च, सूची पर आपत्ति प्राप्त करने के लिए 7 मार्च, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण व सूची के प्रकाशन 8 मार्च, रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरुद्ध अपील अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तारीख 10, 11 व 12 मार्च, सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने का कार्य 21 मार्च को किया जाना है। वहीं सहकारी समिति मेंढकी में निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम अनुसार महिला पदों के विनिश्चय के लिए संचालक मंडल की बैठक के लिए सूचना जारी करने की तिथि 1 मार्च, संचालक मंडल की बैठक 5 मार्च, आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 6 मार्च, नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 13 मार्च, नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध पत्रों की सुचो का प्रकाशन 15 मार्च, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव चिन्हों का आवंटन 16 मार्च और मतदान एवं मतगणना का कार्य 22 मार्च को सम्पन्न किया जाएगा।

## कान्हा नेशनल पार्क में ब्रिटिश पर्यटक की मौत

### सफारी के दौरान तबीयत बिगड़ी, बालाघाट से शव जबलपुर भेजा गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में एक ब्रिटिश पर्यटक की मौत हो गई। यूनाइटेड किंगडम के रोज गोल्ड्सवर्थी (69) 17 फरवरी को आगरा से कान्हा उद्यान पहुंचे थे। 18 फरवरी को मुक्की में सफारी के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत बैहर अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बीएमओ डॉ. मेश्राम ने बताया कि जब पर्यटक को अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। विदेशी पर्यटक का मामला होने के कारण पुलिस को सूचित किया गया। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की संभावना जताई जा रही है। सीएचएमओ डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि शव को अग्रिम प्रक्रिया के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजा गया है। जिसमें शव के पीएम और सुपुर्दगी की कार्रवाई वरिष्ठ स्तर पर की जाएगी।

## एक साल से अटका सड़क निर्माण

### उमरटोला-आलेझरी मार्ग पर धूल से परेशान लोग, ठेकेदार को नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में उमरटोला से आलेझरी तक का 3 किलोमीटर सड़क निर्माण का काम एक साल से रुका हुआ है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरा कलेक्टर मृणाल मीणा से की है। जनसुनवाई में कुल 102 आवेदन मिले थे। फरियादियों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर मीणा ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने पक्की सड़क बनवाने के लिए कुछ साल पहले आंदोलन किया था। जिसके बाद पक्की सड़क बनाने की स्वीकृति मिली थी। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने भुगतान नहीं मिलने के चलते काम रोक दिया है। जनसुनवाई में एकोड़ी और उमरटोला के ग्रामीणों ने इस समस्या का आवेदन दिया। उनका कहना है कि बड़ी मुश्किल से मिली इस सड़क का निर्माण जल्द पूरा होना चाहिए।

### नए वित्तीय वर्ष के लिए फुटकर मदिरा दुकानों के नवीनीकरण और लॉटरी के माध्यम से होगा निष्पादन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा व सहायक आबकारी आयुक्त सुरेंद्र कुमार उरांव के निर्देशसानुसार गठित निष्पादन समिति द्वारा जिले की 19 मदिरा दुकान समूहों (102 मदिरा दुकान) का नवीनीकरण/लॉटरी के माध्यम से निष्पादन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए होगा। समिति द्वारा कार्यक्रम निर्धारित कर लिया गया है। इसके अनुसार नवीनीकरण आवेदन प्राप्त करना तथा जमा 17 फरवरी 10:00 बजे से 21फरवरी शाम 6 बजे तक किये जा सकते है। जबकि नवीनीकरण के आवेदन पत्र रहित मदिरा दुकानों एकल समूहों पर इच्छुक पात्र आवेदकों के लॉटरी आवेदन पत्र क्रय करने तथा जमा करने की तिथि 22 फरवरी सुबह 10:00 बजे 27 फरवरी 1:30 व जमा दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है।

## ग्राम मोहगांव खुर्द में गुरु रविदास की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



ग्राम मोहगांवखुर्द में गुरु रविदास समाज कल्याण समिति के तत्वावधान मे विगत दिवस शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकाधिक संख्या में ग्रामीणों के साथ ही अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन बालाघाट के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों द्वारा रविदासजी व संविधान निमार्ता डा. भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत उपरांत संबोधनकर्ताओ द्वारा विस्तारपूर्वक संत शिरोमणि रविदास जी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की अपील करते हुए उनके इतिहास को गांव गांव में जाकर विस्तारित करने का अतिथियों द्वारा अनुरोध किया गया।

इनकी रही प्रमुख उपस्थिति अखिलभारतीय रविदासिया धर्म संगठन के जिला प्रभारी यशवन्त कन्नौजे, दिनेश चौहान लांजी, मनोहर छिपीये ब्लॉक अध्यक्ष किरनापुर, रामप्रसाद चौधरी संगठन महामंत्री बालाघाट, उमाशंकर कुमरे पूर्व सरपंच व जिला सचिव, इंजी. महेन्द्र महापुरुषों के प्रचारक बालाघाट, दुर्गेश बिसेन पूर्व जिला पंचायत सदस्य,पृथ्वीराज मोहबे संरक्षक किरनापुर, फूलचंद भोंडेकर लांजी, एम.आर. भोंडेकर वकील बालाघाटशिवकुमार खरे उपाध्यक्ष बालाघाट, घनश्याम टांडेकर, किरनापुर, महाराजजी रायपुर, राधेश्याम कन्नौजे बालाघाट, हंशलाल छिपीये सर, धनराज मातरे सरपंच प्रतिनिधि डोंगरगांव, मोहगांवखुर्द सरपंच श्रीमती योगिता तरवरे। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में आयोजन समिति अध्यक्ष रणजीत भोंडेकर, संरक्षक सरपंच प्रतिनिधि रविन्द्र तरवरे एवम् ग्रामीण समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जिले की विभिन्न सड़को को लेकर 5 विभागों के साथ कलेक्टर ने की समीक्षा

## नैनपुर बायपास से बालाघाट मार्ग बनने की प्राथमिक तैयारी में

### एमपीआरडीसी की सड़के बारिश से पूर्व होगी तैयार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, एमपीआरआरडीए, नेशनल हाइवे और पीडब्ल्यूडी नेशनल हाइवे विभागों की विभिन्न सड़के प्रचलित है। इन सभी विभागों द्वारा या तो मरम्मत के कार्य प्रारम्भ करने की स्थिति में है या कुछ नई सड़कों पर प्राथमिक रूप से कार्य होना है। इस सम्बंध में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सभी विभागों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में नेशनल हाइवे द्वारा निर्माणाधीन भारतमाला परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग की अपडेट जानकारी ली गई। वहीं इसी मार्ग पर रजेगांव में ग्रामीणों की आपत्ति के सम्बंध में कलेक्टर श्री मीना ने एजेंसी द्वारा सुझाये गए नए विकल्प के सम्बंध में जाना। साथ ही कहा कि ग्रामीणों के साथ समन्वय कर निराकरण करें। नवीन सड़को के सम्बंध में वन विभाग व भू-अधिग्रहण के मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### डीपीआर स्टेज पर नैनपुर बायपास बालाघाट मार्ग

लोक निर्माण नेशनल हाइवे द्वारा नैनपुर बायपास बालाघाट मार्ग डीपीआर स्टेज में है। इस मार्ग को लामता- मगरदर्रा, धापेवाड़ा बालाघाट पर कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस मार्ग को 10 मीटर व 1-1 मीटर साइड सोल्डर युक्त किया जाएगा। फिलहाल इस मार्ग पर डीपीआर से पूर्व भू-अधिग्रहण की समस्या बताई गई है। कलेक्टर श्री मीना ने एडीएम श्री जीएस धुर्वे तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी को इस मामले को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा एमपीआरडीसी की बालाघाट-परसवाड़ा, परसवाड़ा- बैहर, सिवनी-कटंगी-बोनकत्ता, बैहर-मुक्की-गढ़ी और बैहर से सालेटेकरी मार्ग की मरम्मत पर विस्तार से चर्चा हुई। ये सभी मार्ग अग्रीमेंट की स्टेज में है। इन सभी मार्गो को बारिश से पूर्व करने का लक्ष्य दिया गया है।

### वॉशरूम तोड़कर रास्ता बनाने का दबाव बना रहे मामलें में सीएमओ भेजेंगे दल

## सीमांकन विवाद मामले पर तहसीलदार जल्द करें निर्णय



### तहसीलदार के आदेश के बाद भी काम रोका जा रहा, एसडीएम लेंगे संज्ञान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनसुनवाई में बालाघाट नगर सीमा की आवेदिका द्वारा कलेक्टर श्री मृणाल मीना को बताया कि उनके घर में बनें वॉशरूम को तोड़कर रास्ता बनाने का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि उनका आवास पिता के घर के पीछे की ओर बना है। वहीं दबाव बनाने वाले व्यक्ति स्वयं के द्वारा निस्तार नाली पर कब्जा कर गेट बनाया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने सीएमओ श्री कतरोलिया को मामलें के निराकरण के लिए दल भेज कर निराकरण करने के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में एडीएम श्री जीएस धुर्वे, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, एसडीएम श्री गोपाल सोनी व डिप्टी कलेक्टर श्रीमती राजनंदनी शर्मा ने भी आवेदकों को संयुक्त रूप से सुना। जनसुनवाई में कुल 102 आवेदन प्राप्त किये गए।

### कौशल्या बाई को बाउंड्रीवाल निर्माण करने से रोका जा रहा

कटंगी वार्ड-4 की कौशल्या बाई बोरकर ने जनसुनवाई में बताया कि तहसीलदार के आदेश के बाद भी पड़ोसी द्वारा मेरी भूमि की बाउंड्रीवाल बनाने से रोका जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने गूगल मीट से जनसुनवाई में जुड़े कटंगी एसडीएम श्री एमआर धुर्वे से इस मामलें में संज्ञान लेकर समस्या का निराकरण कर अवगत कराने को कहा है।

### तहसीलदार न्यायालय में प्रचलित प्रकरण में जल्द निर्णय लें

गर्रा पंचायत द्वारा 2017 में आबादी भूमि पर दिए गए पट्टे पर निर्माणाधीन शौचालय को तोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने इस मामलें में एसडीएम वारासिवनी श्री आरआर पांडे से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि तहसीलदार कोर्ट में मामला प्रचलित है। तहसीलदार स्वयं भी विजिट कर चुके है। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए है कि शीघ्रता से मामले का निर्णय करें।

### जिले के 40 युवाओं को पूर्वी दिल्ली के लिए रवाना

## 16वें जनजाति युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नेहरू युवा केंद्र और सीआरपीएफ 123 वीं बटालियन के संयुक्त प्रयासों से मंगलवार को 40 युवाओं के दल को दिल्ली रवाना किया गया है। इसके पूर्व सीआरपीएफ परिसर में ब्रीफिंग सेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंडला-डिंडोरी लोकसभा क्षेत्र सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ ही पूर्व मंत्री श्री राम किशोर कावरे भी शामिल रहें। कार्यक्रम के दौरान लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केंद्र श्री सीआर जंघेला ने बताया कि यह कार्यक्रम संवेदनशील क्षेत्र में रहने वाले जिले के युवाओं को देश के विभिन्न हिस्से में भेज कर उन्हें देश की विविधता, ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति विविधता से अवगत कराता है। साथ ही देश के प्रमुख व्यक्तित्व, राजनेताओं से मुलाकात कराकर उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़कर देश के विकास में भागीदार बनने के लिये भी प्रोत्सोहित करता है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री कावरे ने भी सीआरपीएफ 123वीं बटालियन की तत्परता व कर्मठता की प्रसंशा की। वहीं सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि मैं भी जनजाति समुदाय से आता हूं। जनजाति समुदाय के 450 युवा देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर देश के विकास को करीब से जानेंगे। भारत की ऐतिहासिक धरोहरों को देख सकेंगे, अपना कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास व अन्य जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। जिससे वे रचनात्मक एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पत्रिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र बालाघाट श्री प्राजंल अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रहीं।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नेहरू युवा केंद्र बालाघाट के तत्वावधान में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से स्थानीय मुलना स्टेडियम में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को किया गया। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चार विकासखंड के प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि नगर निरीक्षक थाना कोतवाली श्री प्रकाश वास्कले के साथ ही निरीक्षक यातायात पुलिस श्री आकाश शर्मा, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री केके चौरसिया, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केंद्र श्री सीआर जंघेला भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर निरीक्षक श्री वास्कले ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र युवाओं में रचनात्मक प्रवृत्ति पैदा करके राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करता है। साथ ही युवाओं को निरंतर रचनात्मक गतिविधियों में जोड़े रखने का भी कार्य करता है। वहीं नगर निरीक्षक यातायात श्री शर्मा ने बताया कि विगत दिनों यातायात सड़क सुरक्षा माह के तहत नेहरू युवा केंद्र बालाघाट के स्वयंसेवकों के द्वारा चौक चौराहा में सेवाएं, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात के प्रति जन जागरूकता विभिन्न ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी गई थी।

नेहरू युवा केंद्र बालाघाट द्वारा निरंतर अन्य संस्थाओं के साथ जुड़कर युवाओं में सामाजिक गतिविधियों एवं खेलकूद आयोजन करने का कार्य कर रहा है।

नेहरू युवा केन्द्र पर्यवेक्षक श्री जंघेला ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र निरंतर खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वृक्षारोपण स्वच्छता अभियान, विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को समाजसेवी गतिविधियों और देश के युवाओं के चहुमुखी विकास के लिये प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम समापन के दौरान पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री लव कुमार पटेल नगपुरे ब्लॉक खेल समन्वयक लालबर्रा, श्री खेमराज बरकड़े ब्लॉक खेल समन्वयक परसवाड़ा, श्री विजेंद्र ऊइके एवं अन्य खेल संगठनों के सदस्यों का सक्रियता पूर्वक सहयोग रहा।